[Shri Mallikarjun]

illness or any other cause, the Vice-President shall discharge his functions until the date on which the President resumes his duties."

जिस दिन आपरेशन हो गया, उसी दिन अनेबल हो गए ।

(व्यवधान)

12.13 hrs.

## PANEL OF CHAIRMEN

MR. SPEAKER: I have to inform the House that under Rule 9 of the Rules of Procedure, I have nominated the following Members as Members of the Panel of Chairmen:

1. Dr. Rajendra Kumari Bajpai.
2. Shri Somnath Chatterjee.
3. Shri V. N. Gadgil.
4. Shri S. M. Krishna.
5. Shri Chintamani Panigrahi.
6. Shri N. K. Shejwalkar.

12.14 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### REPORTED RECENT INCIDENT OF FIRE IN ONGC OIL WELL NEAR BARODA AND ACTION TAKEN BY GOVERNMENT ..... ..

SHRI NARAYAN CHOUBEY (Midnapore): I call the attention of Minister of Energy to the following matter of urgent public importance and I request that he may make a statement thereon:

"The reported recent incident of fire in ONGC oil well near Baroda."

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. SHIV SHANKAR): Sir, I bring to the notice of the House with anguish that on the morning of September 27, 1982 fire broke out in Dabka-15 well of the Oil & Natural Gas Commission situated approximately at 40 kms. from Baroda. The well caught fire when 3 persons broke through the security fencing around the well and attempted to steel oil from the same, by opening the fitments on the well head. The hydro-carbons that were thereby let out got ignited and an oil tanker which seems to have been brought by these persons was burnt. This subject matter is under investigation by the police.

Smoke from the fire was observed at about 9.30 hrs. in the morning by a security guard at the ONGC Dabka Collecting Station which is located 2.5 kms. from the Dabka-15 well. Immediately the Ankleshwar Project Authorities of the ONGC were informed of the incident, and reached the site of the Dabka-15 well with fire fighting equipment without loss of time. Senior officers and experts of the ONGC including the Chairman rushed to the site on information from different parts of the country. The State officials including the Chief Minister were immediately contacted for all necessary help to deal with the situation effectively and with the utmost speed. Further fire fighting equipment was rushed to the site from the nearby places like Baroda and Ahmedabad etc., including equipment belonging to the army and the air force. The area being a water shortage one, water had to be rushed in tankers to the spot from different places apart from making arrangements from the nearby tubewells. A pit had also to be developed near the oil well to store the water for fighting the fire. The fire was successfully extinguished at 16.25 hrs. on September 30, 1982. The well was controlled and killed on October 1, 1982.

The State police have arrested six persons so far of whom three have succumbed to the fire injuries.

Dabka-15 well which produced oil and gas for about one year was closed in February 1981 when its daily oil production declined to 10 tonnes. No damage has been caused to any oil installations or the inhabitants of the village, barring the 3 persons on the spot who were injured in the fire. All necessary steps were taken to avoid any mishap resulting out of the presence of hydro-carbons.

Instances of theft of crude oil were detected in the past and the cases were duly registered. In the past six months special reviews have been held with the State Government to increase surveillance and security of wells and oil installations in the entire area.

The entire issue of the thefts of crude oil in the area has now been entrusted to the Central Bureau of investigation for their due investigation. I assure the House that not only all precautionary steps would be taken but requisite action according to law would be initiated on the basis of investigations.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: Sir, you know ours is a poor country and we are still deficient in oil. ONGC and our Government are striving very hard to see that my country becomes self-sufficient in oil. But we are still dependant on oil coming from abroad as we import a lot of crude oil. In this situation such incidents occurring here and there are of great dismay to my country. Only recently a very big fire took place in Bombay High and we left Sagar Vikas there. Newspapers have stated that Rs. 25 crores have gone to water.

Sir, definitely pilferage or stealing takes place at night and not in daytime. Of course, I do not know whether Gujarat has become a haven for the thieves that stealing can be done even in daytime. Sir, whereas the fire took place at night it was detected only at 9.30 hrs. in the morning by the security guards. I do not know, if such people are entrusted with security, what will happen to our country. Even all the newspapers have stated that this stealing of crude oil from various wells in Baroda area is nothing new. The Baroda fire is not a chance fire. This is not a chance mishap. Even according to the Chairman of ONGC, Mr. Wahi, it is the result of the systematic racket in stealing crude oil in this region. So, it is the result of systematic racket going on in Baroda region or Gujarat region where crude oil is being stolen. And even the Times of India, on 29-9-81 had stated that the CBI officer who had been there had stated that oil from various oil-fields was being stolen in connivance with the ONGC security staff. The Hindustan Times also said the same thing on the same day. Naturally my country cannot afford this luxury. Government is pumping in crores and crores for exploring oil to make my country independent and not dependent upon any other country for oil; they want to reach this stage by 1890. Now, in this situation can we afford to have this luxury of having a fire here and a fire there, resulting in loss of crores of rupees? Here also, the Press has stated that the 'Police in the past already started cases in Mehsana region for oil theft.' In this particular case, three persons have died who have actually come to perform this pilferage. My question is this. How many cases have the Government started up to this day regarding theft of crude oil from oil wells? May I know whether the Government has been able to ascertain what are the other agencies involved behind the common thieves who are being caught and arrested or burnt to death? What are the other agencies who are actually behind these thefts? This is my first question.

My second question is this: What is the loss sustained by the ONGC due to this fire mishap which has taken place in Gujarat recently? Thirdly, I wish to know this: May I know whether Government have been able to establish any links, not only between these thieves and ONGC security staff, but with staff other than security-staff also? These pilferages have been going on continuously for months and months together. What action is proposed to be taken by Government in this regard? You say, cases are referred to CBI; there it ends, nothing happens afterwards. So I want to know what action the Government propose to take against those officers who are conniving with them, who have had links with those people indulging in pilferage? These are my questions.

SHRI P. SHIV SHANKAR: Mr. Deputy Speaker, Sir, I not only appreciate the anxiety and the sentiments that have been expressed by my hon. friend Mr. Choubey, but I even fully associate myself with his anxiety.

I would not like to dwell at length on the preface of his speech but I would

[Shri P. Shiv Shankar]

directly come to the point with reference to the question that he has raised.

On the question of the cases that had been instituted, I may bring to the notice of the House that during 1981, 145 cases of thefts and pilferage of oil and equipments including materials were reported to the police; the cases of theft of crude oil in 1981 reached 50. It is estimated that 186 tonnes of oil were stolen in these cases; but, out of this, 154 tonnes of oil was recovered. In 1982, so far, 19 cases of theft of oil from oil pits or wells have been registered with the police. This is the data so far as the cases are concerned.

It is true that reports have come in the newspapers that certain of the officials of the ONGC are involved. Previously also, when the reports had come that some officials were involved, necessary action against them had been taken and I assure the hon. House that we shall not spare any officer, however high he may be, once it comes to the notice that the man's involvement in this type of nefarious activities is there. I would like to go on record on the assurance part of it.

With reference to the loss that has been referred to, this is as on today, only a provisional figure that I am going to give to the House. It is estimated that possibly about 4.5 lakh cubic metres of gas and about 45 tonnes of oil condensate might have been lost as a result of the fire in the blow-out. The value of this oil condensate would be about Rs. 53,000 and the gas abuot Rs. 70,000, that is, a total of Rs. 1,23,000. But this is, as I said, is only provisional that I can give out at this stage.

My, hon. friend has asked me that apart from entrusting the matter of investigation to the C.B.I. what further action would be taken aaginst the security officers and others either because of whose negligence the theft occurs or because of whose complicity such type of nefarious activities takes place. As I have already informed, once we get the investigation report--because so far as this incident is concerned, it has bren entrusted to the State Police but so far as the general aspect of the thefts that are committed is concerned they have been entrusted to the C.B.I. for investigation and I have also made a request that the report should be given at the earliest—I assure the hon. House that none will be spared however high the position he may be holding.

SHRI P. K. KODIYAN (Adoor): From the hon. Minister's reply, it is clear that the pilferage and theft of crude-oil and even petroleum has been going on for the past two years. He has given the figures for 1981 and 1982 uptil now. Several cases according to him have been registered against the offenders and in the circumstances, I am not at all convinced of the Minister's reply and their failure to take action against the Security Staff and the concerned oil wells and in stations. This had been going on in 1981 and also it is still going on. I have no doubt that there was a lack of indulgence on the part of the officers who are incharge of the security staff. Perhaps some of them must have even been in collusion. Anyhow, at least taking into consideration what has happened in the last two years—several such thefts have taken place and the theft at the Dabka oil well is the latest on which has attracted the attention of the country—some action should have been taken against the Security Staff. At least some officers should have been suspended pending investigation. The final action will depend, as the hon. Minister pointed out, on the findings of the investigations, but at least this much action should have been taken, but that has not been done.

Another fact which was evident from the hon. Minister's reply was that the lack of availability of water impeded the fire fighting operations, and they had to bring water from distant areas. I hope, this is not the only closed oil well; there are a large number of oil wells in the country which are lying idle. This kind of pilferage and theft is likely to occur in other oil wells also. In case fire breaks out or an accident like this takes places in other wells as a result of pilferage, then it must be assured that there would be sufficient water available to fight the fire.

First, I would like to know whether any steps are being taken as a precautionary measure to dig wells or to stock enough water so that it is available in case of accidents to fight the fire. Secondly, I would like to know whether apart from the theft from this oil well, it has come to his notice that stealing of oil had been regularly going on from the ONGC pipeline in Gujarat specially in the Mehsana areas. Has any such case been brought to his notice, and has anybody been apprehended and has any action been taken against the officers who are in charge of supervising the security of ONGC pipeline in Gujarat?

Thirdly, I would like to know the total number of idle oil wells now in the country, and how many such oil wells are there in the western region. Have any precautionary measures been taken in and around the idle wells in various parts of the country, so that the theft that has taken place in Dabka oil well may not be repeated in other wells as well?

Lastly, there is a report that the Petroleum Ministry has arrived at some agreement with the Soviet Union to seek their assistance to activate these idle oil wells. I would like to know, how many of these idle oil wells are going to be activated with Soviet support and what would be the additional oil that would be produced as a result of activisation of these idle wells.

SHRI P. SHIV SHANKAR: The hon. Member has no doubt extended the area of the subject by putting certain parts of the questions, but to the extent I can, I will certainly give him the answers immediately.

The first question that he put to me was with reference to digging the wells to store water to be used in the case of accidents. I have not been that staunch believer in Almighty God, but nonetheless I will only pray on this occasion that no accidents may occur so that the question of digging the wells for the purpose of storing water may not arise.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Minister, when you begin to dig the well, you can perform some Puja and start it.

SHRI P. SHIV SHANKAR: Sir, I will invite you for that purpose.

It is really some-times difficult in areas which are far-flung and where the water resources are not proper that fighting out the fire does involve complications, but I do keep in mind the suggestion that has been put forth by my Hon. friend, Shri Kodiyan. It is not possible for me to promise at this stage, but we will certainly take note of this suggestion in all earnestness.

Sir, it is true that even in the pipeline there had been cases of thefts of oil. They form part of the cases that have already been reported and registered by the Police. It is rather unfortunate, but it is true that in a complex society system, like this, where economic unhappiness prevails,. . . .

SHRI NARAYAN CHOUBEY: Make it simple.

SHRI P. SHIV SHANKAR: . . . .these type of things do occur. In fact, I was reading one Article and I noted that even in a developed country like the United States, it seems to be a stupendous task and a tremendous amount of theft of oil takes place there also. I would not like to go into it, but I would say that necessary action has already been taken with reference to the cases that have come to the fore and further action will also be taken once this investigation report comes out.

My Hon. friend has asked a question about the total number of idle oil wells in the country, and particularly in the Western region. Sir, I am not very sure of the number of dry wells all over the country, but if my recollection is not wrong, they would be roughly about 1,300 and odd. In the Western region there are 362 dry wells and the patrolling and security even in the Western region itself is really a very difficult job, because these wells are spread over roughly, an area of about 25,000 square kilometres. So, this presents really a very difficult job. And during the last six months we have increased the patrol parties to take care of them. To the extent it is possible, I assure the House, certainly action will be taken.

Now, under the arrangement with the Soviet Union about 120 wells are to be

worked over. It is not possible at this stage for me to give the estimation of the oil that would be produced out of these oil wells, but I was myself there sometime back for the purpose of having a contract with Mr. Maltsev, the Oil Minister. And he extended his cooperation wholeheartedly. That is all what I can say at this stage. It is not possible to say how much we will be able to get out of these efforts.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now Mr. Rajnath Sonkar Shastri.

SHRI P. SHIV SHANKAR: I am sorry, Sir. One more minute. I gave a little wrong figure with reference to the wells. The total wells of ONGC that are dry are 476 on-shore, and two off-shore. That makes 478. I am sorry for the statement that I had made.

**श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** (सैदपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह बड़ौदा के एक कुएँ में आग लग जाने के सम्बन्ध में माननीय मन्त्री जी ने जो उत्तर दिया है उसको सुनकर बड़ा दुःख और आश्चर्य हुआ । एक ओर तो देश में तेल की कमी थी और इस कमी को पूरा करने के लिए विशेष तौर पर सन् 1981 को बिना उल्लेख किए हुए हम नहीं रह सकते कि जबसे माननीय मंत्री जी आए तबसे इन्होंने इसमें विशेष जागरुकता दिखाई । सन् 1982 से 1985 तक हमको देखने से मालूम हुआ कि 5 करोड़ 35 लाख टन तेल समुद्र से निकाला जाएगा और 650 करोड़ का आपने लाभ अर्जित किया है । इसके लिए हम मंत्री जी को बधाई देते हैं । लेकिन साथ ही साथ हमें यह भी बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि जहां आप देश के हित में अच्छा काम कर रहे हैं वहीं आपके कार्यकाल में दो दुर्घटनायें आग लगने की हुई हैं । एक दुर्घटना तो बाम्बे हाई में हुई और दूसरी बड़ौदा के निकट हुई । इन दोनों दुर्घटनाओं की विभीषिका को देखने से लगता है कि विगत कई वर्षों में ऐसी दुर्घटनायें नहीं हुई थीं । बाम्बे हाई में 23 जुलाई 1982 को रात साढ़े नौ बजे कुएं में विस्फोट हुआ और गैस निकलने लगी । 166 मीटर की गहराई तक जाने के बाद गैस निकली और इस गैस निकलने का जो स्वरूप अखबारों में छपा है उससे यह स्पष्ट होता है कि यह शुद्ध रूप से अधिकारियों की लापरवाही थी । गैस फूटने के 54 घंटे के बाद आग लगी । समझ में नहीं आता कि 54 घंटे तक अधिकारी क्या करते रहे । आज भी कुछ लोगों से बात हो रही थी तो उन्होंने स्पष्ट बताया कि 54 घंटे का जो मौका मिला, उसमें आग को रोका जा सकता था ।

बड़ौदा में दो दुर्घटना हुई हैं उसके सम्बन्ध में इंडियन एक्सप्रेस में एक फोटो छपा है उसको देखने से ही आग की विभिषिका का अन्दाजा हो जाता है । 6 दिन तक आग लगी रही और दस मीटर से अधिक ऊपर लपटें उठती रहीं । तीन व्यक्ति तत्काल उसमें जल गए । एक जले हुए व्यक्ति ने अस्पताल में अपने ब्यान में कहा है कि एक प्रकार का गैंग है और उस गैंग का मैं एक मैम्बर हूं । ब्यान देने के बाद उस व्यक्ति की मृत्यु हो गई । उसने बताया कि वह गैंग के द्वारा भेजा गया था । अधिकारी लोग वहां इस प्रकार के गैंग के लोगों को जाने देते हैं । खुलेआम यह खबर अखबार में निकली है कि 35 टैंकर तेल की चोरी करने का काम वहां प्रतिदिन कर रहे हैं । यह भी बताया गया है कि दस टैंकर सरसा पर निर्भर है, छः अहमदाबाद में—यदि मंत्री जी चाहेंगे । तो मैं वह खबर उनको भेज

सकता हूं । दो तीन अखबारों की खबर है । "पैट्रिओट" में लिखा है कि बड़ौदा के आसपास कुछ स्टोर हैं और व्यापारी लोग वहां से थोड़ा तेल लेते हैं । और साथ ही साथ उसमें इस चोरी के तेल को रख कर बाकायदा धंन्धा करते हैं । चतराल और नन्दासन दो ऐसे क्षेत्र हैं जो कि 'आयल वैलों' से घिरे हैं। चोर लोग वहां टैंकर के साथ गए और लापर-वाहीं से बीड़ी फेंक दी, जिसकी वजह से आग लग गयी । जब वहां पर टैंकर रात में गए तो कोई सुरक्षा सैनिक रहा ही होगा या सुरक्षा गार्ड रहे होंगे। तो वे उस वक्त क्या कर रहे थे सुना है कि रसीद शेख भी पकड़ लिया गया है । इसके बारे में अखबार में दिया है कि वह जूनियर टैक्नीशियन था । साफ प्रतीत होता है कि वहां पर काम करने वाले लोग खुद चोरों से मिले हुए हैं । या चोरी करवाने में उनकी पूरी सांठ-गांठ है और आये दिन यह कार्य हो रहा है । यदि वहां पर आग न लगी होती तो शायद इतनी बड़ी बात प्रकाश में न आती । मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यदि , इस प्रकार की नैगलीजैंसी बरती जाएगी चोरी होती रहेगी तो सब गड़बड़ हो जाएगी । जैसा की कहा गया है कि देश को अरबों रुपयों का फायदा हुआ है और हम आत्मनिर्भर होने जा रहे हैं, तो आप प्रगति इस तरह नहीं कर पायेगें ।

मान्यवर ! जब बम्बई हाई में आग लगी थी, उस समय यह स्पष्ट बात सामने आई थी, हमारे पास आग बुझाने के लिए उपकरण नहीं हैं। क्या इस ओर भी सरकार का ध्यान गया है । कि आग बुझाने के उपकरण हमारे ही देश में बनें ? क्या एसी कोई योजना सरकार के पास है ? कि आग बुझाने के उपकरण हमारे देश में बनें ? साथ ही साथ यह भी मालूम हुआ है कि आग बुझाने के लिए लोग अमरीका से आए थे । क्या मंत्री जी हमारे देश में ऐसे लोगों को शिक्षा देने की व्यवस्था कर रहे हैं ? ताकि हमें बाहर से लोगों को न बुलाना पड़े । खतरा होता है खतरा हो गया और होता रहेगा । पूरे केस को देखकर ऐसा लगता है कि एक आग तो कुंए में लगी हुई है और दूसरी आग ईर्ष्या की कुछ लोगों के दिल में लगी हुई है । हमारा देश जो कार्य करने जा रहा है । आत्मनिर्भर होने जा रहा है, उसको देखकर यह स्वाभाविक है । इस कार्य में कौन-कौन से लोग लगे हुए हैं और कौन सी एजेंसियां काम कर रही हैं, विदेशी हाथ की गुंजाइश भी समझ में आ रही है इस सब का पता करने के लिए मंत्री महोदय क्या सोच रहे हैं ? इस बारे में कार्यवाही करने में हम कहां तक सक्षम हैं ?

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और निवेदन करता हूं कि मंत्री जी मेरे अंतिम प्रश्न की विस्तृत जानकारी देंगें, क्योंकि आपके अधिकारी ने जैसा कि कहा है कि आग लगना साधारण बात है, लेकिन जो आग हमारी आत्म-निर्भरता की स्थिति में लग रही है, इसके बारे में आपका मंत्रालय कहां तक सजग है ।

**श्री पी० शिवशंकर** : मान्यवर, जहां तक पहला प्रश्न है, मैंने पहले ही निवेदन किया है कि ये जितनी भी आयल वेल्स हैं, ये 25 हजार स्क्वायर किलोमीटर के एरिया में फैली हुई हैं। इस पूरे इलाके में सिक्यू-रिटी गार्ड्स को रखना एक मुश्किल बात है । लेकिन इसके बावजूद भी हम से जितना प्रयास हो सका, हम करते जा रहे हैं ।

मेरे मित्र ने एक बात जो पूछी कि डायिंग डिक्लेरेशन के अन्दर रशीद सेठ, जो ओ एन जी सी में काम करते हैं, उनका

नाम दिया गया है और मैं हाउस को यह बात बताना चाहता हूं कि अब्दुल रशीद ओ एन जी सी में आटो फिटर हैं, इनको हिरासत में ले लिया गया है। इन्वेस्टीगेशन चल रहा है। इस वक्त कुछ कहना बड़ा मुश्किल है, क्योंकि इन्वेस्टीगेशन की क्या रूपरेखा निकलती है, उसको देखना होगा।

इसके अलावा मेरे मित्र ने जो संवेदना प्रकट की है, जो दुःख प्रकट किया है कि इस किस्म की जो चीजें हमारे देश में हो रही हैं, इसका असर हमारे देश की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। मैं उनसे सहमत हूं। जैसा कि मैंने पहले निवेदन किया कि इस ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले छः महीनों में गश्त बढ़ा दी गई है। लेकिन इलाका इतना विस्तृत है कि पूरे इलाके में सिक्यूरिटी गार्ड्स से काम कराना जरा मुश्किल दिख रहा है। लेकिन जहां तक हो सकता है, बंदोबस्त जरूर किया जाएगा।

दूसरी बात मेरे मित्र ने पूछी है कि आग बुझाने वाले उपकरणों को इस देश में बनाने की योजना है या नहीं? यह एक अच्छा सुझाव है। अभी तक हमारे दिमाग में नहीं आया था, इसके बारे में जरूर विचार किया जाएगा। इसके अलावा हमारे जो टेक्नीशियंस हैं, उनको ट्रेनिंग के लिए दूसरे मुल्कों में भेजा जाता है, ताकि यदि आग लगे तो उसे ठीक ढंग से बुझाने का प्रयत्न किया जा सके। उपकरणों को बनाने की योजना के बारे में विचार किया जाएगा।

आखिरी सवाल विदेशी लोगों द्वारा सेबोटेज के बारे में पूछा है और उसके साथ-साथ हम जो देश को आत्म-निर्भर बनाने की कोशिश कर रहे हैं आयल प्रोडक्शन के मामले में, उसमें कठिनाइयां आने वाली है ऐसे किस्म के लोगों से। मेरी मिनिस्ट्री यह जरूर है कि हम इससे सम्बन्धित नहीं हैं, जहां तक ला एण्ड आर्डर सिचुएशन है उसमें स्टेट की हुकूमत का सवाल आता है, और हम अपनी तरफ से जितना प्रयास हो सकता है अपनी मिनिस्ट्री की तरफ से वह करते हैं पैट्रोलिंग गार्ड की शक्ल में या उन लोगों को कुछ सुविधायें हों जैसे जीप आदि की, वह देते हैं। माननीय सदस्य ने जिस बात की तरफ़ ध्यान दिलाया है विदेशी लोगों के कामों की तरफ वह हम कोशिश करेंगे दूसरे मंत्रालयों तक उस बात को पहुंचायें, और उनकी बात का मैं स्वागत करता हूं कि हमको उन्होंने एक अच्छा सुझाव दिया है जिस पर हम काम कर सकते हैं।

श्री मनोराम बागड़ी (हिसार): कुछ लोगों ने अच्छा काम किया है उन लोगों को आप सम्मानित करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Your name is not there in the Call Attention.

श्री पी० शिव शंकर: हमने कुछ पुरस्कार भी दिये हैं ऐसे लोगों को जिन्होंने अच्छा काम किया है।

श्री मनोराम बागड़ी: चार कुएं बच गये हैं आग लगने से, यह कोई मामूली बात नहीं है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you have any information, you can write to him.

श्री मनोराम बागड़ी: यह लोक सभा की बात है, कोई बनिये की दुकान नहीं है जो वहां जा कर बताऊं।

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत): उपाध्यक्ष जी, चोरी की बहुत बड़ी-बड़ी घटनायें

हमारे सामने ग्राती रही हैं, लेकिन ग्रब तेल की चोरी के मामले सामने ग्राये हैं। ग्रौर ग्राप जानते हैं कि तेल ग्रौर कोयला दोनों ही इस देश की ग्रर्थ-व्यवस्था पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसी देश की नहीं बल्कि संसार के किसी भी देश की ग्रर्थ-व्यवस्था पर इन पदार्थों की चोरी बुरा प्रभाव डालती है। तो मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इसमें जितने मामले प्रकाश में ग्राये उनके जो ग्रपराधी हों उनको कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का ग्राप बन्दोबस्त करें, क्योंकि यह सीधे चोट है हमारी ग्रर्थ-व्यवस्था पर। ग्रौर इसी रूप में मैं कहना चाहता हूं कि इस ग्रोर भी ध्यान दें। ग्रभी बौम्बे हाई में ग्राग लगी थी, जिसको कह दिया कुदरती है, ग्रौर ऐसे ही लग जाती है। इसी प्रकार यहां बड़ौदा के निकट लग गई जिसके बारे में कहा जाता है कि ऐसे ही लगती रहती है। चोरों ने लगा दी ग्रौर इस प्रकार की ग्रागें यहां लगती रहती हैं। तो क्या ग्राप कोई ग्रच्छी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबन्ध करने जा रहे हैं ग्रौर इस बात को ध्यान में रख रहे हैं कि हमारे पड़ौसी मुल्क का हाथ तो इसमें नहीं है, वह सेबोटेज करना चाहता हो हमारे देश की ग्रर्थ-व्यवस्था को इसके द्वारा चकनाचूर करना चाहता हो, ग्रौर तेल में हम ग्रात्म निर्भर होने की जो कोशिश कर रहे हैं उन प्रयासों में कमी करना चाहता हो?

ग्रापने ग्रभी गुजरात के उप पुलिस महानिरीक्षक ने जो वक्तव्य दिया है उसको पढ़ा होगा। उन्होंने कहा है कि तेल की चोरी में तेल एवं प्राकृतिक गैस ग्रायोग के कर्मचारी भी शामिल हैं। गुजरात में तेल चोरी का सिलसिला नया नहीं है, यह जांच के दौरान प्रकट तथ्यों से स्पष्ट हो चुका है। इस ग्रोर ग्रापका ध्यान दिलाना चाहता हूं, ग्रधिक नहीं कहना चाहता, खुद ही स्पष्ट है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह तो तेल की चोरी का मामला है, इस तेल में मिलावट करने के भी बहुत से मामले सामने ग्राये हैं। ग्रौर उससे नुक्सान होता है मशीनरी को तथा लोगों को ज्यादा पैसा देना पड़ता है। पी० यू० सी० ने नवम्बर, 1978 ग्रौर ग्रक्तूबर, 1981 के बीच में 55 मामलों में विभाग द्वारा निष्क्रियता बरती जाने पर ग्राश्चर्य व्यक्त किया था। इसमें तेल में मिलावट की गई या रास्ते में कहीं तेल चोरी गया। यह ग्राम बात है। हम ले जा रहे हैं पैट्रोल या मिट्टी का तेल कहीं ग्रौर उसमें पानी मिला दें तो क्या प्रभाव होगा यह सोचने की बात है, ग्रौर पी० यू० सी० ने यह बात कही है। इस सम्बन्ध में ग्रापने क्या कार्यवाही की है?

**13.00 hrs.**

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो ग्राइडल वैल हैं, वहीं से तेल चोरी होता है। ग्रापके लिये वह ग्राइडल हैं लेकिन चोरों के लिये ग्राइडियल हैं। ग्रगर वहां कुछ निकलता नहीं है तो ये लोग चोरी करने क्यों जाते हैं? कुछ तो मिलता ही है। मैं बताउंगा कि कितने मामले चोरी के पकड़े गये ग्रौर लाखों लाखों रुपये का तेल ग्रौर गैस चोरी हुग्रा है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या वह इन ग्राइडल वैलों को नोटिफाई कर के ठेके पर कंन्ट्रेक्टरों को देने की व्यस्था करेंगे जिससे ग्राप को कुछ पैसा मिल जाय? क्या इनसे इस तरह से कुछ रेवेन्यू वसूल करने की कोशिश करेंगे?

इंडियन एक्सप्रैस का 4 ग्रक्तूबर का एक हैडिंग है—

"Yet another racket thriving in ONGC"

पेज नं० 9 है। उसमें उन्होंने कहा है कि यह तेल की चोरी की तो घटनाए हैं ही लेकिन इससे भी ज्यादा बड़ी घटनाएं ड्रिलिंग बिट्स ग्रौर पाइप की हैं। पाइप

भी बहुत कीमती होता है और ड्रिलिंग विट्स में डाइमंड लगा होता है । आजकल ये ड्रिलिंग विट्स और पाइप बहुत चोरी हो रहे हैं । एक एक ड्रिलिंग विट का डायमीटर में 20 हजार से 80 हजार रुपये तक लागत आती है । एक एक कुएं में 50 से लेकर 150 तक यह लगती हैं यह वहां से बराबर गायब हो रही हैं ।

जिस विभाग से यह जारी होती हैं, अगर खराब भी हो जायें तो यह वहां वापिस नहीं आती हैं । रिटर्न वाले के यहां जाती हैं । जो कि अलग विभाग हैं । वापसी का काम इश्यू वाले के पास नहीं है । इश्यू विभाग ने अगर 100 ड्रिलिंग विट्स दीं और 1000 पाइप दिये, लौटकर जब यह आते हैं खराब होकर आयेंगे तो रिटर्न डिपार्टमेंट में आयेंगे । बहुत से पाइप नीचे चले जाते हैं, खोदने में कहीं-कहीं ड्रिल्स वहीं रह जाते हैं, राक आ गई और वह टूट जाते हैं । इन का कोई हिसाब नहीं है । चाहे इश्यू 100 हों और रिटर्न में 10, 50 या 20 आ जायें तो भी इनका खाता बराबर कर दिया जाता है । यह जो खराब होकर वापिस आती हैं, ये भी बड़े काम की होती हैं ।

म यह भी जानकारी में लाना चाहता हूं कि ट्यूबवेल कम्पनियाँ इनका इस्तेमाल करती हैं और वह इन्हें बहुत सस्ते दामों में खरीद लेती हैं और चोरी करवा लेती हैं । नीलाम में ये 5 खरीदती हैं और 200 चोरी की इनके पास होती हैं ।

अकेले मेहसाना डिस्ट्रिक्ट में 15 साल पहले केवल 6 ट्यूबवैल कम्पनी थीं आज 80 से ऊपर हैं । ये यही काम करते हैं पाइप चोरी का खरीद लिया, ड्रिलिंग विट्स चोरी की खरीद लीं और खूब मुनाफा कमाया । ये कम्पनियां बढ़ती जा रही हैं, पता नहीं, कहां बोरिंग करती हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि तेल की तो चोरी है ही, इन ड्रिलिंग विट्स और पाइप की भी करोड़ों रुपये की चोरी आपके विभाग में हो चुकी है, जिसका कोई हिसाब नहीं है । इसको जल्दी चैक करना संभव नहीं है, क्योंकि यह सामान बहुत विस्तृत एरिया में पड़ा हुआ है । मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं । इसमें लिखा है:—

For instance, five cases of thefts of drilling bits officially stated to be worth about Rs. 80,000 and one case of pipe theft worth Rs. 20,000 have been registered at a single police station alone in Mehasana District in first eight months of this year. Besides this, the police station has also registered three cases of theft of crude oil during this period worth over Rs. 50,000/-.

ये ऐसे केसिज हैं, जो लिखाये गये हैं । लेकिन अधिकतर केसिज लिखाये ही नहीं जाते हैं । अधिकारियों को मालूम है कि अगर चोरी दिखाई जायगी, तो मंत्री महोदय अफसरों को पकड़ेंगे, इसलिये वे नहीं दिखाते हैं मैं समझता हूं कि अगर स्टाक को थारोली चैक कराया जाय, तो सिर्फ गुजरात में ही कई करोड़ रुपये के बंगलिंग का पता लगेगा । मैं जानना चाहता हूं कि ऐसी चोरियों को रोकने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं । क्या सरकार सिक्युरिटी के लिये गश्ती बोट्स और स्टीमर्ज का इंतजाम कर रही है ?

तेल में जो बार बार मिलावट की जाती है, क्या मंत्री महोदय उसके बारे में कोई कदम उठा रहे हैं या नहीं ? क्या ऐसी घटनाओं में किसी विदेशी ताकत का हाथ है या नहीं ? क्या सरकार ने इन घटनाओं की जांच कराने का निश्चय किया है या नहीं ? मैं यह नहीं मानता कि वे लोग यह नहीं जानते थे कि बीड़ी का टुकड़ा फकने से आग लग जायेगी । जो इस तरह चोरी

करने जाते हैं, वे बीड़ी नहीं पीते हैं। वे आप और हमसे ज्यादा होशियार होते हैं। ऐसा लगता है कि अधिकारियों ने मंत्री महोदय को गुमराह करने के लिये यह बीड़ी और माचिस का मामला बनाया है। वास्तव में यह बात नहीं है। इसके कोई दूसरे कारण हैं। मैं जानना चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस बारे में क्या कार्यवाही कर रहे हैं।

**श्री पी० शिव शंकर** : मान्यवर, माननीय सदस्य ने कुछ समस्याओं की तरफ संसद का ध्यान दिलाया है। उन्होंने कहा है कि चोरी के जो मामले प्रकाश में आये हैं, जो भी लोग उनके लिए जिम्मेदार हों, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाय। हम तो सिर्फ यह कोशिश कर सकते हैं कि जहां तक हो सके, सुबूत और गवाह पेश करें। यह अदालतों का काम है कि वे कितनी सजा दें।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : इसके लिये कानून को बदलिये।

**श्री पी० शिव शंकर** : मुझे जरूर विश्वास है कि अदालत ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देगी।

माननीय सदस्य ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जो प्रश्न पूछा है, उसके संबंध में मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं; जहां तक सैबोटेज का संबंध है, हमने सी० बी० आई० में एक खास ग्रुप कायम किया है। हमने इसका इनिशिएशन किया है और इसके भिन्न भिन्न प्रोपोजल्ज की केबिनेट सैक्रेटेरिएट में जांच पड़ताल हो रही है। मुझे इस बात का विश्वास है कि हम एक अच्छी सुरक्षा व्यवस्था ऐसे इलाकों में डेवलप करने में कामयाब रहेंगे।

जैसा कि मैंने इससे पूर्व कहा है, इन चोरियों में कर्मचारियों का हाथ है, ऐसा अनुमान जरूर है।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : उपमहा-निरीक्षक ने अपने वक्तव्य में साफ कहा है कि उनका हाथ है। यह केवल अनुमान नहीं है।

**श्री पी० शिव शंकर** : म थोड़ा सा झिझक रहा हूं बोलने में, क्योंकि पूरा मामला पुलिस के इनवेस्टीगेशन में है और यदि मैं कहूं कि इसमें फलां फलां लोग हैं, तो मेरे लिये बड़ा मुश्किल हो जाएगा।

पुलिस अधिकारी का जो बयान आपने अखबार से पढ़कर सुनाया, वह मैंने भी पढ़ा है लेकिन जब तक इसका इन्वेस्टिगेशन पूरी तरह से न हो जाय और अदालत के सामने पूरी बातें न आ जायें कि कौन जिम्मेदार है और कितना जिम्मेदार है तब तक हमारे लिये बड़ा मुश्किल है कि हम अभी से उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दें।

माननीय सदस्य ने मिलावट के संबंध में जो बात कही है, मैं मानता हूं कि हाई स्पीड डीजल में खासकर जो मिट्टी का तेल है, उसकी काफी मिलावट हो रही है। कुछ दिन पहले जब मैं मिनिस्ट्री के पेपर्स पढ़ रहा था तब उनसे मेरा ऐसा अनुमान बना कि इस देश में जो मिट्टी के तेल की खपत होती है उसका 15 परसेंट मिलावट में जाता है। हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चोरी-छिपे जो चीजें होती हैं वह सब बाहर नहीं आती हैं और कुछ जो बाहर होती हैं पुलिस के अधिकारियों या पब्लिक की ओर से, उन पर जहां तक हो सकता है अदालत में मुकदमे चलाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : 55 मामले तो पब्लिक अन्डरटेकिंग्ज कमेटी के सामने आये थे। इतने मामले तो प्रकाश में आ चुके हैं।

**श्री पी० शिव शंकर:** मैं माननीय सदस्य को आश्वासन दिलाता हूं कि जो मामले प्रकाश में आये हैं, उन पर बराबर कार्यवाही हो रही है और आगे होती रहेगी, इसमें किसी किस्म की झिझक का सवाल ही पदा नहीं होता है ।

मेरे मित्र ने आइडल वेल्स की बात कही है । इस संबंध में मैं गुजारिश करूंगा कि जब किसी वेल से ठीक ढंग से आयल नहीं निकलता है, जैसे कि यह डबका का वेल था, तो उसको कुछ दिनों के लिये बन्द कर दिया जाता है । बन्द इसलिये किया जाता है कि थोड़े दिनों में गैस के प्रेशर से आयल ऊपर आ जाता है और उस वक्त फिर आयल को निकाला जा सकता है । तो ऐसा नहीं है कि वेल पूरी तरह से आइडल हो जाता है और उसमें से तेल निकाला ही नहीं जा सकता है । अगर आप ठेकेदारों को भी देंगे तो और भी मुश्किल हो जायेगी । मैं माननीय सदस्यों से इतना ही कहना चाहता हूं कि जितने भी वेल्स हैं वह हमारे हो कन्ट्रोल में रखे जायें । जो वेल्स उपजाऊ हो सकते हैं उनमें से फिर तेल निकाला जा सकता है । मैं नहीं समझता ठेके पर देने से देश का कोई लाभ होगा बल्कि नुकसान ही हो सकता है ।

आपने जो "इंडियन एक्सप्रेस" में छपी पाइप्स और ड्रिलिंग बिट्स की चोरी की बात कही है उस संबंध में हमने मिनिस्ट्री को आदेश दे दिये हैं कि वे इसकी पूरी तफसील में जायें और जैसा कि मैंने इससे पहले भी निवेदन किया, यह पूरा मामला सी०बी०आई० के हवाले कर दिया गया है। उनकी जांच के बाद जब रिपोर्ट आयगी तो, जैसा कि मैंने पहले भी आश्वासन दिया है, कितना ही बड़ा कोई आफिसर क्यों न हो, उसके खिलाफ कार्यवाही करने में हम पीछे नहीं रहेंगे ।

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** (बम्बई–उत्तर मध्य) : उपाध्यक्ष महोदय, जो प्रश्न मंत्री महोदय द्वारा पूछे जा चुके हैं, मैं उनको दोबारा नहीं दोहराना चाहती हूं । फिर भी मैं कुछ मुद्दों की तरफ मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं ।

एक बात मैं यह कहना चाहती हूं कि जैसा रेलवे में होता है कि सिक्योरिटी की जिम्मेदारी स्टेट की होती है, जबकि मिनिस्ट्री आपकी होती है, ऐसा इसके बारे में नहीं होना चाहिये । एक व्यवस्थित रूप से आपका कोआर्डिनेशन सिक्योरिटी में होना चाहिये । टैंकर्स आपके वहां से तेल चोरी करके चले जाते हैं । उनको पकड़ने के बाद उनको ठीक तरह से सजा देने का अधिकार होना चाहिए । जैसी कि अखबार में खबर है कि साठ हजार का तेल चोरी करके सूरत जा रहा था और जिस जगह जा रहा था, उस पेट्रोल पम्प के मालिक को गिरफ्तार किया गया है । मृत्यु के वक्त जिस व्यक्ति द्वारा ब्यान दिया गया है, उस में कहा गया है यह काम बहुत दिनों से, सालों से, महीनों से चल रहा है । इस प्रकार के काम में पुलिस और ओ० एन० जी० सी० के आफिसर शरीक हैं । इसलिये इसको आप को सीरीयसली लेना चाहिये । वहां से तेल निकालने वाले लोग एक्सपर्ट होते हैं कि कहां से वाल्व निकालना या कहां से क्या करना है । आप को यह पता लगाना चाहिये कि ऐसे लोगों को ट्रैनिंग कहां से दी जाती है । इसकी जांच होनी चाहिये । मैं यह भी जानना चाहती हूं कि बम्बई हाई में आग लगी और बड़ौदा

में आग लगी--इन दोनों जगहों पर आग बुझाने में कितना खर्चा हुआ है, क्यों कि वह खर्चा भी आप का प्रोडक्शन में जायगा। इसके बारे में आपके जवाब में कुछ नहीं है। जैसा कि आपने कहा है कि 478 ड्राई-वैल्स हैं, तो वहां पर भी चोरी होने की संभावना है। उन जगहों पर आप क्या प्रीकाशनरी मेजर्स ले रहे हैं। जो लाइट वैल्स हैं, जहां से तेल ज्यादा नहीं निलकता है, उनके प्रोटैक्शन के लिये आप क्या मेजर्स ले रहे हैं। जिससे इस प्रकार की बात आगे न हो। एक सवाल मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि क्या टैंकर्स पकड़ने के बाद कन्फिसकेट किये जाते हैं या नहीं। अगर किये जाते हैं तो आज तक कितने टैंकर्स कन्फिसकेट किये गये हैं? मेहसाना में एक डी० एस० पी० थे उन्होंने अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए एक टैंकर पकड़वाया और उस गैंग को भी पकड़वाया, जिसके पुरस्कार स्वरूप उनका ट्रांसफर कर दिया गया। इस चीज को भी देखिए। डी० एस० पी० का नाम गुरुदयाल सिंह था। इस वक्त भी जहां पर डबका में घटना हुई है, वहां क्या आपने किसी बड़े आफिसर के खिलाफ कोई कार्य-वाही की है। क्या किसी अफसर को सस्पेंड किया है? सस्पेंशन कोई सजा नहीं है, यदि इन्क्वारी के बाद के निर्दोष साबित हो जाते हैं तो उनको पूरी तन्खवाह बगैरह दे दी जाती है। लेकिन आपने किसी बड़े अफसर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। Who is responsible for the security and protection of the whole thing? यदि इन्वेस्टीगेशन के दौरान वे अफसर रहेंगे तो फिर वे जिस तरह से चाहेंगे रिपोर्ट भिजवा देंगे।

पेट्रोल-डीजल देश के लिए बहुत आवश्यक चीज है। जब किसी चीज की कमी होती है तो उसकी चोरी होती है। पहले बंबई में दूध की चोरी नहीं होती थी, लेकिन जब उसकी कमी हुई और कीमतें बढ़ गई तो उसकी चोरी होने लग गई। इसलिए सिक्यूरिटी बढ़ाई जाए और चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। अगर चोरी चलती रहेगी तो हम आत्म-निर्भर कैसे हो सकेंगे। एक गृहिणी होने के नाते मैं धन्यावाद देना चाहती थी, मंत्री महोदय को कि पहली बार गैस सिलैंडर की कीमत 3 रुपया कम कर दी गई है और हम उम्मीद लगा रहे थे कि कभी न कभी हमें 18 रुपए में सिलेंडर मिलने लगेगा। लेकिन अगर चोरी चलती रहेगी तो किस तरह से हम आत्म-निर्भर होंगे।

इस चोरी को रोकने के लिए सिक्यू-रिटी को और बढ़ाया जाना चाहिए, सिक्यू-रिटी आफिसर्स को ट्रेनिंग दी जानी चाहिए और स्टेट गवर्नमेंट के साथ परमानेंट को-आर्डिनेशन होना चाहिए। आपने कहा है कि रिव्यू किया है, लेकिन उसका नतीजा क्या निकला, यह भी बताने का कष्ट करें। सिक्यूरिटी बढ़ाने के लिए और कोआर्डिनेशन के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं, यह भी बताने का कष्ट करें। अगर इन सब प्रश्नों का उत्तर मंत्री महो-दय देंगे तो सदन को बहुत कुछ जानकारी मिल सकेगी।

**श्री पी० शिवशंकर** : मान्यवर, माननीय सदस्या ने सिक्यूरिटी के संबंध में जो बात कही है, उसके बारे में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी मिनिस्ट्री के अंदर और स्टेट की जो कुमुक है, उसमें जितना हो सका, कोआर्डिनेंशन की कोशिश की जा रही है। 12 मास पहले सिर्फ 3 पेट्रोल पार्टीज इस इलाके में घूमती थीं। उसको बढ़ाकर अब 13 कर दिया गयाहै। तो 13 पट्रोल पार्टीज घूमती हैं उनकी जोप

[श्री० पी० शिवशंकर]

और दूसरी भी जितनी सुविधाएं हो सकती हैं उसका बन्दोबस्त किया गया है ताकि वह रात दिन इस इलाके के अन्दर, 25,000 किलोमीटर के अन्दर, घूमती रहें।

एक और बात माननीय सदस्या ने पूछी कि बंबई हाई की आग और इस आग को बुझाने में कितना पैसा खर्च हुआ? जहां तक डबका वैल का सवाल है क्योंकि यह सिर्फ ओ० एन० जी० सी० के अफसरों ने ही इस आग को बुझाया है तो अभी तक स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है कि इतना पैसा खर्च हुआ है, लेकिन अनुमान है कि एक लाख रुपए से ज्यादा नहीं हुआ होगा।

जहां तक बंबई के संबंध में सवाल पूछा मेरे पास इस वक्त पूरी फिगर्स तो नहीं हैं, जो कुछ थोड़ी सी फिर्गस हैं, सारे का सारा जो खर्चा हुआ है सागर विकास रिग को मिला कर, यह सारे का सारा रुपया इंश्योरेंस कम्पनी से मिलेगा, ऐसा हमें विश्वास है क्योंकि इंश्योरेंस कवरेज पूरा रहा है और इंश्योरेंस कम्पनी 40 लाख डालर फारन एक्सचेंज के अब तक और 72 लाख कुछ रुपयों में इन्होंने अभी तक दे दिया है। यह सिर्फ प्रोवीजनल पेमेन्ट है। बाकी जनरल सर्वे हो रहा है उसके बाद जितना भी खर्च हुआ वह खर्चा इंश्योरेंस कम्पनी पूरा देगी ऐसा विश्वास है। इस वक्त बताना मुश्किल है कि कितना पैसा खर्च हुआ है क्योंकि जो थोड़े बहुत इक्विपमेंट बाहर से मंगवाये हैं उसका अभी वैल्यूऐशन नहीं हुआ है।

जहां तक ड्राई वैल्स का सवाल है उनसे हर जगह चोरी होने की सम्भावना हो सकती है। मैं यह नहीं कहता कि नहीं होती है। लेकिन यदि पैट्रोल पार्टीज अपनी ड्यूटी ठीक ढंग से करें और पब्लिक का सहयोग, जैसे कि अभी तक मिलता रहा है, मिले तो मैं समझता हूं चोरी को जितना हो सके कम किया जा सकता है।

टैंकर्स को कनफिस्केट करने का जो आपने सुझाव दिया है, एग्जीक्यूटिव को तो यह पावर नहीं दी जा सकती है, लेकिन सोचा जा सकता है, मैजिस्ट्रेट की तो पावर्स हैं, वह पावर्स क्या दी जा जा सकती हैं, यह सोचने का विषय है। मैं जरूर इस संबंध में सोचूंगा और अगर कुछ प्रयास किया जाये तो जरूर करूंगा।

जहां तक यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सैक्यूरिटी अफसर को सस्पेंड किया गया है? तो अभी तक यह एक्शन नहीं लिया गया क्योंकि ऐसा है कि किस सेक्योरिटी अफसर की गलती से ऐसा हुआ यह जब तक इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट न आये, तब तक किसी के खिलाफ़ एक्शन लेना मुश्किल है।

आत्म निर्भरता के संबंध में आपने सवाल पूछा। चाहे चोरी हो या न हो, मेरा ऐसा ख्याल है कि 1989—1990 तक हम तेल में आत्म निर्भर हो जायेंगे।

---

**13.30 hrs.**

## ELECTION TO COMMITTEE

### CENTRAL ADVISORY BOARD OF EDUCATION

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRI P. K. THUNGON): On behalf of Shrimati Sheila Kaul, I beg to move:

"That in pursuance of paragraph 3 of the Ministry of Education and Culture Resolution No. F. 1_1/80-PN.